आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 बुधवार 17.07.2024

मुख्य समाचारः—

1— मुख्मयंत्री ने नई दिल्ली में रेल मंत्री से मुलाकात कर राज्य की चार प्रमुख रेल परियोजनाओं को जल्द शुरू करने का आग्रह किया।

2— छत्तीसगढ़ को दीनदयाल अंत्योदय योजना—राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में उत्कृष्ट कार्यों के लिए कल नई दिल्ली में पांच राष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजा जाएगा।

3— छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल द्वितीय मुख्य परीक्षा तेईस जुलाई से बारह अगस्त तक होगी।

4— आज देश के विभिन्न भागों में मोहर्रम श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री—केंद्रीय मंत्री मुलाकात

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नई दिल्ली स्थित रेल भवन में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव तथा केंद्रीय श्रम, रोजगार, युवा और खेल मामलों के मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया से मुलाकात की। रेल मंत्री से मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए रेल नेटवर्क के विस्तार की आवश्यकता पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने राज्य की चार प्रमुख रेल परियोजनाओं – धर्मजयगढ़—पत्थलगांव—लोहरदगा परियोजना, अंबिकापुर—बरवाडीह परियोजना, खरसिया—नवा रायपुर—परमलकसा परियोजना और रावघाट—जगदलपुर नई रेललाइन परियोजना को जल्द शुरू करने का आग्रह किया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी मौजूद थे।

इसके अलावा मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री डॉक्टर मांडविया से मुलाकात के दौरान छत्तीसगढ़ में रोजगार सृजन, श्रमिक कल्याण और खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए केंद्र सरकार से और अधिक सहायता प्रदान करने का आग्रह किया।

गौ—तस्करी—सजा

छत्तीसगढ़ में गौवंश की तस्करी और उसके मांस की बिक्री पर अब कड़ी कार्रवाई होगी। गृह विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। आदेश के मुताबिक गौवंश और दुधारु पशुओं के अवैध परिवहन पर सात साल की सजा और पचास हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। इस अपराध को संज्ञेय और गैर—जमानती बनाया गया है।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार गौवंश के अवैध परिवहन पर सख्ती से निपट रही है। सरकार ने सजा और जुर्माने का प्रावधान करके यह सुनिश्चित किया है कि कोई भी इस कानून का उल्लंघन न कर सके। इसमें दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि सक्षम अधिकारी के अनुमति के बिना गौवंश का परिवहन नहीं किया जा सकेगा। परिवहन के दौरान वाहन में फ्लेक्स आदि लगाना होगा। तस्करी करने पर वाहन राजसात किया जाएगा और वाहन मालिक पर भी कार्रवाई होगी। इससे अर्जित संपत्ति को भी चिन्हित कर कुर्क किया जाएगा।

छत्तीसगढ़—पुरस्कार

छत्तीसगढ़ को दीनदयाल अंत्योदय योजना—राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में उत्कृष्ट कार्यों के लिए कल अट्ठारह जुलाई को नई दिल्ली में पांच राष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजा जाएगा। केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहरलाल खट्टर और केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ये पुरस्कार प्रदान करेंगे।

केन्द्र सरकार द्वारा राज्य शहरी विकास अभिकरण–सूडा और प्रदेश के चार नगरीय निकायों – बिलासपुर, रायगढ़, चांपा और भाटापारा का चयन प्रतिष्ठित 'स्पार्क' पुरस्कारों के लिए किया गया है।

गौरतलब है कि राज्य में शहरी गरीब परिवारों को सशक्त बनाने और उनकी आजीविका के अवसरों को बढ़ाने में उत्कृष्ट कार्यों के लिए ये पुरस्कार प्रदान किए जा रहे हैं।

विधानसभा अध्यक्ष–मानसून सत्र

छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र आगामी बाईस जुलाई से शुरू होगा। इसके लिए तैयारियां लगभग पूरी हो गई हैं। विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने आज दुर्ग में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि विधानसभा में प्रश्न और ध्यानाकर्षण को लेकर इस तरह की व्यवस्था की जा रही है, जिसमें कागज का इस्तेमाल नहीं करना पड़े। यह पूरी प्रक्रिया डिजिटल तरीके से संपन्न कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि विधानसभा में पहली बार यह नया प्रयोग किया जा रहा है। अभी तक ध्यानाकर्षण और बाकी विषयों में जो प्रश्न आते थे, वह विधायकों को स्वयं प्रस्तुत होकर देना पड़ता था। लेकिन, अब इसमें नई प्रक्रिया शुरू हुई है। अब ध्यानाकर्षण सूचना भी डिजिटल तरीके से उपलब्ध रहेगी। विधायक अपनी तरफ से ध्यानाकर्षण की सूचना विधानसभा सचिवालय में कहीं से भी दे सकते हैं और उसे माना जाएगा कि वह उनका ही प्रश्न या ध्यानाकर्षण है। डॉक्टर सिंह ने कहा कि मानसून सत्र की अवधि भले ही कम है, लेकिन इस दौरान जनहित के मुद्दों पर सदन में सार्थक चर्चा अवश्य होगी।

माशिमं–द्वितीय मुख्य परीक्षा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल की द्वितीय मुख्य परीक्षा तेईस जुलाई से बारह अगस्त तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा के सफल संचालन के लिए रायपुर में राज्य स्तर पर ऑनलाईन प्रशिक्षण उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान परीक्षा की तैयारियों और व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही सभी उत्तर पुस्तिकाओ में "द्वितीय मुख्य परीक्षा" की सील अनिवार्य रूप से लगाने को कहा गया है। इस कार्यक्रम में राज्य के सभी दो सौ सत्ताईस परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राध्यक्ष शामिल हुए।

व्यापमं–परीक्षा तिथि

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल–व्यापमं ने विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा की संभावित तिथियां घोषित कर दी हैं। इसके अनुसार उच्च न्यायालय में सहायक ग्रेड–तीन के लिए अट्ठाईस जुलाई और राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला में सहायक और तकनीशियन के लिए पच्चीस को परीक्षा ली जाएगी। वहीं, अन्य विज्ञापित पदों के लिए भी परीक्षा की संभावित तिथि निर्धारित की गई है।

माओवादी मुठभेड़

छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले की सीमा से लगे महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में झारावंडी थाना क्षेत्र के अंतर्गत छिंदभट्टी और पीवी–बयासी के बीच जंगल में आज महाराष्ट्र पुलिस और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में एक उपनिरीक्षक सतीश पाटील घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए हेलीकॉप्टर से गढ़चिरौली लाया गया है।

## बलौदाबाजार घटना–आरोपी गिरफ्तार

बलौदाबाजार जिला मुख्यालय में बीते माह हुई तोड़फोड़ और आगजनी की घटना में शामिल पांच और आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें भीम रेजीमेंट के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश चतुर्वेदी भी शामिल हैं। इस मामले में अब तक एक सौ अड़सठ आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

गौरतलब है कि बीते दस जून को बलौदाबाजार जिला कलेक्टोरेट और पुलिस अधीक्षक कार्यालय सहित वाहनों में तोड़फोड़ करते हुए प्रदर्शनकारियों द्वारा आग लगा दी गई थी।

## जांजगीर–डायरिया

जांजगीर–चांपा जिले के पामगढ़ क्षेत्र के कोसीर गांव में इन दिनों डायरिया का प्रकोप देखा जा रहा है। गांव में चौबीस नये मरीज मिले हैं। इस बीच, डायरिया से एक युवक की मौत हो गई है। विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सौरभ यादव ने बताया कि कोसीर में अब तक सौ से ज्यादा डायरिया मरीजों की पुष्टि हो चुकी है। इनमें से सत्ताईस मरीजों का इलाज पामगढ़ अस्पताल में चल रहा है। वहीं, गांव में स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर लगाकर डायरिया से पीड़ित लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार किया जा रहा है। पामगढ़ विधायक शेषराज हरबंश ने कोसरी गांव और पामगढ़ अस्पताल पहुंचकर मरीजों से मुलाकात की और डॉक्टरों को मरीजों का बेहतर इलाज करने के निर्देश दिए।

## राजनांदगांव–मोबाइल कैम्प

राजनांदगांव में श्रमिकों की समस्याओं के समाधान के लिए कल अट्ठारह जुलाई को डोंगरगढ़ के ग्राम सेम्हरा–गातापारखुर्द, डोंगरगांव के ग्राम धौराभांठा और छुरिया के ग्राम घुपसाल में मोबाइल कैम्प लगाया जाएगा। कैंप के माध्यम से श्रमिकों को पंजीयन के लिए आवेदन करने और योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

## संपूर्णता अभियान

नीति आयोग द्वारा संपूर्णता अभियान के तहत प्रदेश के आकांक्षी जिलों और आकांक्षी विकासखंडों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कोंडागांव जिले के माकड़ी विकासखंड के बीजापुर, धारली, कुरलू बहार, हुक्का बेड़ापाथरी, छतौड़ी और बागबेड़ा गांव में संपूर्णता अभियान उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य, महिला बाल विकास और कृषि विभाग से संबंधित संकेतकों और योजनाओं की जानकारी हितग्राहियों को दी गई।

## मोहर्रम

आज देश के विभिन्न भागों में मोहर्रम श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जा रहा है। करबला में सत्य और न्याय की रक्षा के लिए पैगम्बर मोहम्मद के नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में मुहर्रम मनाया जाता है। इस मौके पर ताजिया निकाले जाते हैं और करबला के शहीदों के सर्वोच्च बलिदान की याद में मजलिसों का आयोजन किया जाता है।

इधर, छत्तीसगढ़ में भी मुहर्रम के मौके पर राजधानी रायपुर सहित कई शहरों में ताजिये निकाले जा रहे हैं। रायपुर के कर्बला में भी हजरत हुसैन की बड़ी कुर्बानी को याद करते हुए मजलिसों यानी धार्मिक बैठकों का आयोजन आज रात किया जाएगा। रायपुर में इस समय ताजिए के साथ–साथ मातमी जुलूस निकाला जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग शामिल हो रहे हैं।

मौसम

प्रदेश में आगामी चौबीस घंटों के दौरान कई इलाकों में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। वहीं, एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ भारी वर्षा होने, आकाशीय बिजली गिरने और अंधड़ चलने की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार बीस जुलाई से प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर अच्छी वर्षा होने के आसार हैं।

इस बीच, राजस्व विभाग के आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में चालू मानसून सीजन में अब तक दो सौ अटहत्तर मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। बीजापुर जिले में सबसे अधिक पांच सौ बीस मिलीमीटर और सरगुजा जिले में सबसे कम एक सौ छत्तीस मिलीमीटर औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई है।

संक्षिप्त समाचार

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के रायपुर स्थित निवास कार्यालय में हर गुरुवार को होने वाला जनदर्शन कार्यक्रम कल अट्ठारह जुलाई को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है।

– राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कल ग्रामोद्योग विभाग बलौदाबाजार में आयोजित कोसा, कॉटन और हाथकरघा वस्त्रों के प्रदर्शनी और विक्रय का शुभारंभ किया। यह प्रदर्शनी बाईस जुलाई तक चलेगी।

– राष्ट्रीय शिक्षा नीति–स्कूल रेडीनेस' कार्यक्रम के तहत प्रदेश के शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षकों को खेल–खेल में बच्चों को सिखाने का वर्चुअल प्रशिक्षण दिया गया।

– जांजगीर पुलिस लाईन में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत जिला स्तरीय वन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और नागरिकों द्वारा पौधों का रोपण किया गया।

– कबीरधाम जिले में सभी सार्वजनिक और निजी जल स्रोतों का क्लोरिनेशन और स्वच्छता अभियान शुरू हो गया है।

– जशपुर पुलिस ने साइबर ठगी के मामले में जामताड़ा से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों के खिलाफ प्रदेश के विभिन्न जिलों में तीन सौ से अधिक शिकायतें दर्ज हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>